पटना नगर निगम
پٹنہ میونسپل کارپوریشن
PATNA MUNICIPAL CORPORATION

पटना नगरपालिका
1864
CITY OF PATNA

Patna Municipal Corporation
Date: 28-07-2026
2026 12140

पत्रांकः 12140.
दिनांकः 28/07/2026

# कार्यालय आदेश

बांकीपुर विधानसभा उपचुनाव 30 जुलाई 2026 (गुरूवार) को निर्धारित है। इस दौरान पटना नगर निगम के सभी मतदान केन्द्रों के आंतरिक परिसर, बाह्य परिसर तथा पहुँच पथ पर विशेष सफाई अभियान चलाकर साफ-सफाई कार्य, चूना-ब्लीचिंग का छिड़काव, फौगिंग इत्यादि कार्य एवं पेयजल के लिए 20 लीटर क्षमता वाला कम-से-कम 03 (तीन) जार की व्यवस्था की जानी है। इस हेतु संबंधित कार्यपालक पदाधिकारी को निम्नलिखित आदेश दिये जाते है :-

1. मतदान केन्द्रों के आंतरिक परिसर, बाह्य परिसर तथा पहुँच पथ पर विशेष सफाई व्यवस्था हेतु प्रत्येक मतदान भवन के लिए 02 (दो) कर्मियों की प्रतिनियुक्ति करेंगे।
2. चुनाव के पश्चात् मतदान केन्द्रों की सफाई के उपरान्त निकले कूडे के उठाव हेतु वाहन को सम्बद्व करना सुनिश्चित करेंगे।
3. पेयजल काउंटर पर पेयजल की उपलब्धता हेतु 01 (एक) कर्मी की प्रतिनियुक्ति करेंगे।
4. सभी आवश्यक तैयारी दिनांक 28.07.2026 तक पूर्ण करना सुनिश्चित करेंगे।
5. पेयजल हेतु शुद्व RO Water दिनांक 29.07.2026 तक सभी मतदान केन्द्रों पर उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे।
6. पेयजल हेतु आवश्यकतानुसार यथोचित मात्रा में पेपर ग्लास की उपलब्धता सुनिश्चित करेंगे।
7. मतदान केन्द्रों पर **पेयजल से संबंधित सूचना** का फलैक्स प्रिंट कराकर अंचल कार्यालय को उप नगर आयुक्त (IEC) उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे।
8. उपरोक्त कार्य में संलग्न सभी कर्मियों की प्रतिनियुक्ति पहचान पत्र के साथ ही करना सुनिश्चित करेंगे।

28/07/26

नगर आयुक्त,
पटना नगर निगम।

ज्ञापांक :- SANJ/DIS/09/30.6/2020 - 12140, दिनांक :- 28/07/2026

प्रतिलिपि:-

1. अपर नगर आयुक्त (सफाई)/उप नगर आयुक्त (IEC)/कार्यपालक पदाधिकारी, नू0रा0अं0/पा0अं0/क0अं0/बां0अं0, पटना नगर निगम को सूचनार्थ एवं अनुपालनार्थ प्रेषित।
2. वरीय पुलिस अधीक्षक, पटना को सादर सूचनार्थ समर्पित।
3. जिला पदाधिकारी, पटना को सादर सूचनार्थ समर्पित।
4. आयुक्त, पटना प्रमंडल, पटना को सादर सूचनार्थ समर्पित।

28/07/26

नगर आयुक्त,
पटना नगर निगम।